हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 8 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 सांसद भोजराज नाग ने डेयरी परियोजना...



10 जिला वन महोत्सव में विधायक लता उसेंडी ...






## खबर संक्षेप

### गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी



**जगदलपुर।** कलेक्टर बस्तर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के आदेशानुसार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानुगर के बीएमओ डॉ. आरएस भंवर के मार्गदर्शन में उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं कि जांच और सोनोग्राफी के लिए ओम अस्पताल में भेजा गया। प्रसव से पूर्व जांच एवं सुरक्षित प्रसव हेतु सोमवार को नानुगर सेक्टर से ओम अस्पताल के डॉ. भवानी भगत द्वारा 9 उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी सफलता पूर्वक की गई। दुरस्त ग्रामीण अंचल जमावड़ा से आई उच्च जोखिम वाली 9 गर्भवती महिलाएं शामिल रहीं। सभी को जांच के बाद परिवार नियोजन सम्बन्धी परामार्श दिया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व बेहतर जांच सेवा उपलब्ध कराना और सुरक्षित प्रसव सेवा देना है। इस मौके पर सेक्टर नानगूर के सुपरवाईजर नरेशचंद्र मरकाम, शिव भंडारी तथा सीएचसी नानगूर के काउंसलर टोमेश कश्यप के साथ जमावड़ा से गर्भवती महिलाओं को लेकर आई मितानिनें और उनके परिजन शामिल रहे।

### भाजयुमो की कार्यकारिणी घोषित, शिवनंदन अध्यक्ष

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने लोहण्डीगुड़ा मण्डल में भारतीय जनता युवा मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें अध्यक्ष शिवनंदन पेगड़, उपाध्यक्ष धनसिंह ठाकुर, शिबोराम बघेल, जगदानन्द गजवीर, महामंत्री लखन ठाकुर व सीतराम मण्डावी, मंत्री गोंचू कश्यप, करण सेठिया, उमेन्द्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष बसंत बघेल, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार, कार्यालय प्रभारी मंगीराम बेंजाम, सोशल मीडिया प्रभारी टिपेन्द्र ठाकुर, सह सोशल मीडिया प्रभारी मनुराम बघेल, आई.टी.सेल प्रभारी दुष्यंत कश्यप बने हैं। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में गोविंद कश्यप, पुरूषोत्तम ठाकुर, लोकेन्द्र ठाकुर, मनीष पोयाम, देवनाथ मण्डावी, खेमशंकर, रमेश कश्यप, उमेश कश्यप, रविन्द्र कश्यप, मुन्नालाल कश्यप, दिव्या ठाकुर, लक्ष्मण बेंजाम, राजेश यादव, सुकमन कश्यप, मनीराम कश्यप के नाम शामिल हैं।

### संतोष और केतन संयोजक मनोनीत

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें जिला संयोजक संतोष त्रिपाठी, सह संयोजक अतुल कौशल व कृष्णा ठाकुर, कोषाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शुक्ला, सह कोषाध्यक्ष विकास जोशी, कार्यालय मंत्री अमर झा, सह कार्यालय मंत्री राजेश बघेल, सोशल मीडिया प्रभारी मनीष सकलेचा, सह सोशल मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता बने हैं एवं कार्यकारिणी सदस्यों में उमेश वानखेड़े, सुरेश रैली, खालेश्वर पाणिग्राही, खलील खान, रंजीत सिंह बिसेन, नरेन्द्र गुप्ता के नाम शामिल हैं। वहीं भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक केतन महानंदी, सह संयोजक शैलेष जारी व सुनील दास, मीडिया प्रभारी शैलेष श्रीवास्तव, सोशल मीडिया प्रभारी सुरेश ठाकुर बनाये गये हैं एवं कार्यकारिणी सदस्यों में धीरज कुमार कश्यप, रूकमणी यादव, सदाशिव ठाकुर, पुरूषोत्तम कश्यप, तिरूपति नागेश, प्रवीर पाल, मोतीराम कश्यप, मांझी मुचाकी, नरेन्द्र ठाकुर, अमरेश गुप्ता, राधेश्याम, सहदेव नाग, गणपत बैद, जयमन कश्यप, पवन कुमार नाग शामिल हैं।

# कन्या आश्रम परचेली और कटेकल्याण छात्रावास की बुनियादी सुविधाएं बदहाल

## एसडीएम और तहसीलदार ने किया आश्रम-छात्रावासों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर जिले में संचालित आश्रम-छात्रावासों एवं पोटाकेबिनों का जायजा एसडीएम एवं तहसीलदारों ने लिया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, भवनों की स्थिति, स्वास्थ्य परीक्षण, पेयजल, भोजन व्यवस्था, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का परीक्षण किया गया। निरीक्षण में कई संस्थानों में गंभीर लापरवाही एवं अव्यवस्थाएं सामने आने पर अधीक्षिकाओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास और जिला शिक्षा अधिकारी को संबंधित संस्थाओं की व्यवस्थाओं को अतिशीघ्र दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

जिले के विकासखंड कटेकल्याण स्थित कन्या आश्रम परचेली के निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका फगनी आलेन्द्र उपस्थित पाई गईं। निरीक्षण में छात्रावास की साफ-सफाई अत्यंत खराब मिली। भवन का मरम्मत कार्य अप्रैल माह से प्रारंभ होने के बावजूद केवल दो कमरों में रंगाई-पुताई की गई थी, जबकि हॉल, किचन शेड एवं डायनिंग कक्ष की छतों का मरम्मत कार्य अधूरा होने से पानी टपक रहा था। पुराने शौचालय को नहीं हटाया गया था तथा छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी नहीं कराया गया था। पूर्व में दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किए जाने पर फगनी आलेन्द्र ▶▶ शेष पेज 10 पर

### बड़े कारली कन्या आश्रम की अधीक्षिका गैरहाजिर

विकासखंड गीदम स्थित कन्या आश्रम बड़े कारली के निरीक्षण में अधीक्षिका शीला कुड़ियाम अनुपस्थित पाई गईं। छात्रावास परिसर, कमरों तथा विशेष रूप से शौचालयों एवं स्नानघरों में अत्यधिक गंदगी मिली। निरीक्षण के दौरान छात्राएं खुले में स्नान करती हुई पाई गईं। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए शीला कुड़ियाम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।



### पोटाकेबिन चितालूर में अधीक्षिका नदारद

कन्या शिक्षा परिसर पोटाकेबिन चितालूर का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जहां अधीक्षिका वेदिका नाग निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाई गईं। छात्रावास में 63 छात्राएं उपस्थित थीं। यहां छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण नहीं कराया गया था तथा वाशरूम की साफ-सफाई संतोषजनक नहीं मिली। हालांकि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार तैयार किया जा रहा था, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध थी, सभी छात्राओं को मच्छरदानियां उपलब्ध थीं तथा भवन में सीपेज की कोई समस्या नहीं पाई गई। अधीक्षिका की अनुपस्थिति एवं अन्य कमियों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## मामला शिक्षा मंत्री तक पहुंचा, कई अव्यवस्थाएं अब भी बरकरार

# लापरवाही के आरोप में पोटा केबिन अधीक्षक को हटाया गया, नाम सुधारने की कवायद शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

खबर का असर

पोटा केबिन में पदस्थ अधीक्षक की गैर जिम्मेदराना हरकत से जुड़ी खबर प्रकाशन के बाद जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। पोटा केबिन बुड़दी के अधीक्षक को हटाते हुए पटल पर अंकित शिक्षा मंत्री सहित अन्य अधिकारियों के नाम सुधारने की कवायद शुरू हो गई है।

पोटा केबिन बुड़दी की अव्यवस्थाओं और जिम्मेदारों की लापरवाही को लेकर हरिभूमि में प्रकाशित खबर का असर दिखाई देने लगा है। खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग ने अधीक्षक को हटा दिया है। मामला शिक्षा मंत्री तक पहुंचने के बाद विभागीय स्तर पर हलचल तेज हो गई है। पोटा केबिन की कई मूलभूत समस्याएं अब भी जस की तस हैं। परिसर में सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल का अभाव है। वहीं रात्रि में अधीक्षक के नहीं रहने की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं जिससे विद्यार्थियों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



आज भी प्रेमसिंह टेकाम शिक्षा मंत्री, अभिनेत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

दीवार पर वरिष्ठ अधिकारियों के नाम में गंभीर त्रुटियां, निरीक्षण व्यवस्था पर उठे ...


अलग खबर

दंतेवाड़ा व नारायणपुर कलेक्टर के नाम

मुख्यमंत्री से की शिकायत: रीना

### कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति हो सुनिश्चित

हरिभूमि द्वारा लगातार उठाए जा रहे मुद्दों के बाद विभाग ने पहली कार्रवाई करते हुए अधीक्षक को हटाया और सूचना पटल में सुधार कराया है। अब सवाल यह है कि क्या पोटा केबिन से दूर रहकर कार्य कर रहे अनुदेशकों पर भी कार्रवाई होगी और क्या वर्षों से लंबित बुनियादी सुविधाएं भी समय पर उपलब्ध कराई जाएंगी। स्थानीय लोगों और पालकों की नजर अब शिक्षा विभाग की अगली कार्रवाई पर टिकी है। उनका कहना है कि केवल जिम्मेदार बदलने से व्यवस्था नहीं सुधरेगी, बल्कि सभी कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने से ही पोटा केबिन की वास्तविक तस्वीर बदलेगी।




### एक पलंग में दो बच्चे

350 छात्रों के लिए संचालित पोटा केबिन में आदिवासी बच्चों के सोने के लिए पर्याप्त पलंग व चादर की व्यवस्था नही है। संस्था के एक छात्र ने बताया कि रात्री में एक ही पलंग में दो लोगों को एक साथ सोना पड़ता है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में ओढ़ने के लिए चादर व बैडसीट भी नही है।

### पानी लाने 200 मीटर दूर जाते हैं बच्चे

पोटा केबिन में पीने के पानी के लिए भी संस्था से दुर 200 मीटर जाना पड़ता है। वही पोटा केबिन में वैसे टॉयलेट व नहाने के उपयोग के लिए वाटर टैंक के लिए वर्षो पूर्व टॉवर तो बना दिया गया था लेकिन पानी की टंकी चढ़ाना विभाग भुल गया और नतीजन बच्चों को नित्यक्रम हेतु बाहर से पानी लाना पड़ता है।

### वेतन बुड़दी का, कार्य सुकमा में

गंभीर मामला यहां पदस्थ पांच अनुदेशकों का है। जानकारी के अनुसार इनकी पदस्थापना पोटा केबिन बुड़दी में है, लेकिन वे नियमित रूप से बुड़दी में रहने के बजाय संस्था से करीब 25 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय सुकमा में कार्य कर रहे हैं। ऐसे में पोटा केबिन के विद्यार्थियों को जिस शैक्षणिक सहयोग के लिए इनकी नियुक्ति की गई थी, उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से देवर-भाभी की मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए गर्म भोजन लेकर जा रहे थे तभी कोंडासावली के करीब हुआ हादसा
- आरोपी चालक ने घटना की तस्वीर ली फिर जगरगुण्डा थाना पहुंच घटना की दी जानकारी

सुकमा जिले के जगरगुण्डा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार एजेक्स कंक्रीट मशीन की भीषण टक्कर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और उनके देवर की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत कोंडासांवली के कमरगुड़ा पारा के करीब सोमवार दोपहर 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला मांडवी और उनके देवर बुधरा मांडवी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला मांडवी और देवर बुधरा मांडवी आंगनबाड़ी केंद्र के लिए गर्म भोजन लेने जगरगुंडा जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार एजेक्स कंक्रीट मशीन ने उनकी दोपहिया वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि एजेक्स चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि हादसे के बाद चालक ने मृतकों की तस्वीर ली और सीधे जगरगुंडा थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। मामले में वाहन जब्त कर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# कार व बाइक में टक्कर चालक एवं सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- मंगलवार सुबह धरमपुरा नम्बर एक में हुआ हादसा
- दोनों वाहन क्षतिग्रस्त, घायल अस्पताल में भर्ती

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित धरमपुरा नम्बर एक में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार कार व बाईक के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में बाईक चालक व सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के मुताबिक सुबह लगभग सात बजे कार क्रमांक सीजी 17 केटी 0486 की टक्कर सामने से आ रही बाईक से हो गई जिसमें दो लोग सवार थे जिन्हें गंभीर चोट आई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनो वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में गभींर बाईक सवार लोगों को आसपास ▶▶ शेष पेज 10 पर

# आवास की राशि मिली पर काम नहीं किया, 51 हितग्राहियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

- प्रधानमंत्री योजना के अधूरे आवासों पर नगर पंचायत की सख्ती
- सितंबर से पहले निर्माण पूरा करने के निर्देश

नगर पंचायत बारसूर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्षों से अधूरे पड़े आवासों को लेकर सख्ती बरती है। निकाय क्षेत्र में ऐसे 51 आवास चिन्हित किए गए हैं, जिनका निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। नगर पंचायत की टीम ने सभी आवासों का निरीक्षण कर हितग्राहियों को नोटिस जारी करते हुए सितंबर माह से पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगर पंचायत के अनुसार, योजना के तहत विभिन्न किश्तों की राशि प्राप्त करने के बावजूद कई हितग्राहियों ने निर्माण कार्य को निर्धारित ▶▶ शेष पेज 10 पर



# अमानक खाद और बीज के वितरण से किसानों को हो रहा नुकसान : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- समिति की बैठक में किसानों के हित में संघर्ष करने का लिया गया संकल्प

जनपद पंचायत तोकापाल के ग्राम पंचायत घाट धनोरा में इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति की बैठक की गई। बैठक में किसानों को नकली एवं मिलावटी खाद-बीज की आपूर्ति, कृषि संबंधी समस्याओं तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए आगामी दिनों में आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने एकमत होकर किसानों के हितों के लिए संघर्ष का संकल्प लिया। इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के संभागीय अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने कहा कि किसानों को बड़े पैमाने पर नकली एवं मिलावटी खाद-बीज बेचे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे किसानों की फसल प्रभावित हो रही है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समस्याओं को लेकर समिति द्वारा कलेक्टर एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की जाएगी। समिति के सचिव सुभाष कश्यप ने कहा कि किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। नकली खाद-बीज गांवों तक ▶▶ शेष पेज 10 पर




## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर छिकारा ने दी सख्त हिदायत

# गुणवत्तापूर्ण खाद की बिक्री और कालाबाजारी रोकने, दो दिनों में करें दुकानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- प्रत्येक दुकान में निर्धारित रेट लिस्ट का प्रदर्शन अनिवार्य

कलेक्टर आकाश छिकारा ने समय-सीमा की बैठक में कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने खाद वितरण की स्थिति, खाद संबंधी शिकायतों, निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर खाद की बिक्री तथा खाद की गुणवत्ता से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा की।



कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित भ्रमण एवं निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि खाद की गुणवत्ता एवं बिक्री व्यवस्था का क्रॉस वेरिफिकेशन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को आगामी ▶▶ शेष पेज 10 पर

### रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया तेज करें

कलेक्टर ने विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं संक्षिप्त विवरण अद्यतन रखने के निर्देश दिए। बैठक में कोचिंग सेंटरों में उपलब्ध सुविधाओं की जांच, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, विभिन्न विभागों की मासिक समीक्षा बैठक प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित करने, सीपीग्राम, समय-सीमा, जनशिकायत एवं सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

### ऑनलाइन हाजिरी सुनिश्चित की जाए

कलेक्टर ने उन्होंने शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति शत-प्रतिशत दर्ज कराने के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने पर भी बल दिया। विवेकानंद विद्यालय के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सितंबर माह में आयोजित होने वाले महाअभियान के अंतर्गत निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने की परीक्षा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके लिए बीआरसी एवं बीईओ को आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा।

# वाहन विक्रेता गाड़ी विक्रय की राशि 10 लाख अदा करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- जिला उपभोक्ता आयोग संयुक्त खंडपीठ ने सुनाया फैसला

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा सोमवार को एक प्रकरण में जायका ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड जगदलपुर द्वारा आवेदक से वाहन प्राप्त कर, वाहन विक्रय की राशि 10 लाख रुपए एवं मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रुपए अदा करेगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने आदेश जारी किया है।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी मोनिका भूरा द्वारा जायका ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड जगदलपुर से वेन्यू कार क्रय की गई थी। वाहन क्रय करने के 2-3 दिनों के पश्चात से ही उक्त वाहन बबलिंग करने लगी थी, जिसकी मरम्मत हेतु आवेदक द्वारा उसे विक्रेता के पास ले जाया गया था। विक्रेता द्वारा वाहन को कुछ दिनों तक अपने पास रखकर मरम्मत करना बताया गया, पर पुनः वाहन में उपरोक्त समस्या रहने के पश्चात विक्रेता द्वारा वाहन के पार्टस बदलने को कहा गया था, विक्रेता द्वारा वाहन के पार्ट्स ▶▶ शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर जनदर्शन में फौरन बना चमेली का राशन कार्ड



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिलेभर से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन के दौरान फॉरेस्ट कॉलोनी वार्ड निवासी श्रीमती चमेली शोरी ने राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उनका राशन कार्ड तैयार कर उन्हें सौंप दिया। राशन कार्ड मिलने के बाद श्रीमती चमेली शोरी को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न सहित अन्य शासकीय सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री, राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### वृद्धाश्रम में लगाया गया विधिक जागरूकता शिविर



**कोण्डागांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में वृद्धाश्रम कोंडागांव में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सहायता की जानकारी दी गई। प्रतिधारक अधिवक्ता श्री सुरेन्द्र भट्ट ने वरिष्ठ नागरिकों को माता–पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण–पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि उपेक्षा की स्थिति में वे भरण–पोषण के लिए कानूनी आवेदन कर सकते हैं। शिविर में बुजुर्गों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उपलब्ध निःशुल्क वकील एवं कानूनी सलाह के साथ–साथ वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड और राशन जैसी शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी समझाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों, कानूनी संरक्षण एवं कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें सम्मानपूर्ण और सुरक्षित जीवन के लिए प्रेरित करना रहा।

# सांसद भोजराज नाग ने डेयरी परियोजना का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने ग्राम मसोरा पहुंचकर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड एनडीडीबी की पायलट डेयरी परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राही परिवार से मुलाकात कर पशुपालन, दुग्ध उत्पादन एवं डेयरी व्यवसाय से हो रहे आर्थिक लाभ की जानकारी ली।

**वैज्ञानिक पशुपालन और प्रशिक्षण पर दिया जोर** – निरीक्षण के दौरान सांसद ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि डेयरी से जुड़े किसानों को वैज्ञानिक पशुपालन, संतुलित आहार, आधुनिक डेयरी तकनीक एवं साइलेज निर्माण का नियमित प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि दुग्ध उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि हो सके।



### महिला स्व-सहायता समूहों तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

सांसद श्री नाग ने विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों एवं महिला स्व–सहायता समूहों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेयरी व्यवसाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और स्वरोजगार बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है।

### डेयरी परियोजना से बढ़ रही ग्रामीणों की आय

सांसद ने डेयरी केंद्र में दूध गुणवत्ता जांच मशीन, पशु आहार एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।
समिति के सदस्यों ने बताया कि परियोजना से विशेषकर जनजातीय महिलाओं की आय और आर्थिक स्थिति में सकारात्मक सुधार हुआ है तथा पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन की सुविधा भी नियमित रूप से मिल रही है।

## एक पेड़ एक जीवन का दिलाया संकल्प, 51 छात्राओं को वितरित की सरस्वती साइकिल

# जिला वन महोत्सव में विधायक लता उसेंडी ने किया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने मंगलवार को विकासखंड कोंडागांव के ग्राम पंचायत चिपावंड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव–2026 में शामिल होकर कटहल का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण का संकल्प दिलाया।




**पर्यावरण संरक्षण को बनाया जनभागीदारी का अभियान** – कार्यक्रम में विधायक लता उसेंडी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि एक पेड़.एक जीवन का संकल्प आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधों की नियमित देखभाल करने और अपने आसपास हरियाली बढ़ाने का आग्रह किया।

**सभी शासकीय संस्थानों में विकसित की जा रही ग्रीन बाउंड्री** – विधायक ने कहा कि कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों एवं अन्य संस्थानों में ग्रीन बाउंड्री विकसित करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। चिपावंड विद्यालय परिसर में भी दोनों ओर हरित बाउंड्री एवं फेंसिंग विकसित कर परिसर को पर्यावरण अनुकूल बनाया गया है। इसके साथ ही विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर हरित वातावरण विकसित करने का प्रयास किया गया है।

### एक पेड़ मां के नाम# अभियान से जुड़े विद्यार्थी

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), स्काउट–गाइड के स्वयंसेवकों तथा विद्यालय के विद्यार्थियों ने पौधरोपण किया और पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान हमारा संकल्प एक पेड़ एक जीवनय हरित भारत, स्वस्थ भारत की शपथ भी दिलाई गई।

### 51 छात्राओं को मिली सरस्वती साइकिल योजना की सौगात

वन महोत्सव के दौरान विधायक लता उसेंडी ने सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत विद्यालय की 51 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना, विद्यालय तक उनकी सुरक्षित एवं सुगम पहुंच सुनिश्चित करना तथा ड्रॉपआउट दर को कम करना है।

### जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद पंचायत माकड़ी की अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जनपद पंचायत कोंडागांव के उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर एवं श्रीमती रदमा बघेल, ग्राम पंचायत चिपावंड की सरपंच सुश्री सूरजबती नेताम, सेवक राम नेताम, दीपेश अरोरा, संतोष पात्रे, अनिल अग्रवाल, श्रीमती संतोषी देवांगन, बालसिंह बघेल, धनजू मरकाम, श्रीमती ईना श्रीवास्तव, विक्रम सोरी, सुरेश देवांगन, अविनाश सोरी, वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह, विभागीय अधिकारी, विद्यालय परिवार, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# फरसगांव में एनडीआरएफ का जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

ओडिशा से आई राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम ने मंगलवार को पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, फरसगांव में विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन एवं बचाव के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान टीम ने विभिन्न बचाव उपकरणों की जानकारी देते हुए उनका लाइव प्रायोगिक प्रदर्शन किया तथा विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने के तरीके बताए।

■ बच्चों को दिया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

एनडीआरएफ के अधिकारियों ने बताया कि भूकंप, बाढ़, आग, आकाशीय बिजली और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान घबराने के बजाय धैर्य और समझदारी से काम लेना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने, प्रशासन के निर्देशों का पालन करने, अफवाहों से बचने तथा जरूरत पड़ने पर आपातकालीन सेवाओं की मदद लेने की सलाह दी। साथ ही प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) की सामान्य जानकारी भी दी गई।


इस दौरान एनडीआरएफ के कमांडेंट डॉ. तीरथ बासी साहू, उप कमांडेंट पवन जोशी, निरीक्षक रमाकांत दास सहित टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लिया और आपदा के समय स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें विपरीत परिस्थितियों में सही निर्णय लेने के लिए तैयार करना था।

# अच्छी बारिश के बाद निखरा होनहेड जलप्रपात का सौंदर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल

कोंडागांव जिले के केशकाल विकासखंड अंतर्गत स्थित होनहेड (होन्हेड़) जलप्रपात इन दिनों अच्छी बारिश के बाद अपने पूरे शबाब पर है। लगभग 80 फीट ऊंचाई से गिरती जलधारा का मनमोहक दृश्य पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। लगातार हो रही बारिश से जलप्रपात का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे इसकी प्राकृतिक सुंदरता और भी निखर गई है।

■ प्राकृतिक सौंदर्य देखने उमड़ रहे पर्यटक



घने जंगलों और विशाल चट्टानों के बीच स्थित बारहमासी कटुलकासा जलप्रपात तक पहुंचने के लिए होनहेड ग्राम पंचायत से लगभग एक किलोमीटर जंगल के रास्ते पैदल जाना पड़ता है। रास्ते भर फैली हरियाली और प्राकृतिक वातावरण पर्यटकों को रोमांच का अलग ही अनुभव कराते हैं। मानसून के दौरान हर दिन बड़ी संख्या में स्थानीय और बाहरी पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। पर्यटक जलप्रपात के मनोहारी दृश्य का आनंद लेने के साथ-साथ फोटोग्राफी और प्रकृति की खूबसूरती को अपने कैमरे में कैद कर रहे हैं। अपने मित्रो के साथ होन्हेड जलप्रपात घूमने गए नीरज अग्निहोत्री ने कहा कि यदि इस पर्यटन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की सुविधा, पेयजल, पार्किंग और मार्गदर्शन संबंधी संकेतक विकसित किए जाएं, तो होनहेड जलप्रपात क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है। वहीं प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि बारिश के मौसम में जलप्रपात के समीप सावधानी बरतें और जोखिम वाले स्थानों पर जाने से बचें।

## पेज 9 के शेष

### कन्या आश्रम परचेली और...

को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार प्री-मेट्रिक एवं पोस्ट मेट्रिक कन्या छात्रावास कटेकल्याण की अधीक्षिका रंजना जुर्री के छात्रावास में भवन की छतों से पानी टपकने, कमरों में सीपेज, परिसर में पुराने शौचालय का मलबा पड़े रहने तथा शौचालय एवं स्नानघर में गंदगी पाए जाने की स्थिति सामने आई। छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी नहीं कराया गया था। इन कमियों को गंभीर मानते हुए रंजना जुर्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

**कन्या आश्रम घोटपाल में वाशरूम एवं शौचालय गंदे मिले:** कन्या आश्रम घोटपाल में कमरों, परिसर, शौचालय एवं स्नानघर में साफ-सफाई की अत्यंत खराब स्थिति पाई गई। छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण अब तक नहीं कराया गया था तथा वाशरूम एवं शौचालय अत्यधिक गंदे मिले। पूर्व निर्देशों के बावजूद व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किए जाने पर लता झाड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

**234 छात्राएं भगवान भरोसे, अधीक्षका गायब:** विकासखंड दंतेवाड़ा स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्या परिसर चितालूर के निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका अनुसुईया भास्कर अनुपस्थित मिलीं। छात्रावास में 234 छात्राएं उपस्थित थीं, लेकिन किसी का भी स्वास्थ्य परीक्षण नहीं कराया गया था। रसोईघर में साफ-सफाई का अभाव था तथा भवन जर्जर अवस्था में मिला। भोजन कक्ष एवं छात्राओं के रहने वाले कमरों में छत से पानी टपक रहा था। कई खिड़कियों में जाली एवं पल्ले नहीं थे, शौचालय एवं स्नानघर गंदे पाए गए तथा कई शौचालय उपयोग योग्य नहीं थे। कुछ छात्राओं के पास मच्छरदानियां उपलब्ध थीं जबकि कुछ के पास नहीं थीं। इन सभी कमियों के आधार पर अनुसुईया भास्कर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

### कार व बाइक में...

मौजूद लोगों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया घायलों में एक का पैर टूटने की बात कही जा रही है। वहीं कार में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार व गलत साईड में वाहन चलाने के कारण दुर्घटना घटित हुआ है। बहरहाल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। बहरहाल एक्सीडेंट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### आवास की राशि मिली...

स्तर तक आगे नहीं बढ़ाया है। फाउंडेशन स्तर की राशि प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को लिंटल स्तर तक, लिंटल स्तर की राशि प्राप्त करने वालों को रूफ स्तर तक तथा रूफ स्तर की राशि प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को फिनिशिंग स्तर तक निर्माण कार्य पूरा करना था। इसके बावजूद कई आवास वर्षों से अधूरे पड़े हुए हैं।

**समय पर काम पूरा नहीं होने पर कार्रवाई करेंगे:** इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अधूरे आवासों का नगर पंचायत की टीम द्वारा घर-घर जाकर निरीक्षण किया जा रहा है तथा हितग्राहियों से लगातार संपर्क कर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर आवास निर्माण पूरा नहीं करने वाले हितग्राहियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अमानक खाद और बीज...

आसानी से पहुंच रहे हैं। यदि समय रहते इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए समिति किसानों के हित में लंबी और निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। जिला अध्यक्ष पूरन सिंह कश्यप ने कहा कि कृषि विभाग को तत्काल खाद-बीज विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण और प्रमाणित खाद-बीज ही उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर जगदु राम कश्यप, लक्ष्मण बघेल, भुवनेश्वर कश्यप, कवल बघेल सहित पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### गुणवत्तापूर्ण खाद की बिक्री...

दो दिनों के भीतर जिले की सभी खाद दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक दुकान में निर्धारित दर सूची (रेट लिस्ट) अनिवार्य रूप से प्रदर्शित कराने तथा अधिक कीमत पर खाद बेचने की शिकायतों पर तत्काल जांच एवं आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों में वितरित किए जा रहे चावल की गुणवत्ता की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को पीडीएस दुकानों का निरीक्षण कर चावल की गुणवत्ता का परीक्षण करने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सी पी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त प्रवीण जैन, सहायक कलेक्टर यशवंत सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### वाहन विक्रेता गाड़ी विक्रय...

नहीं बदले गए थे। लंबे समय तक वाहन की समस्या से जूझते हुए क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इसके सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि वाहन विक्रेता यह प्रमाणित करने में असफल रहा है, आवेदक की उक्त वाहन की मरम्मत कर पार्ट्स बदले गए थे। वाहन विक्रेता द्वारा आवेदक को खराब वाहन का विक्रय कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कार्यक्रम किया गया है। आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रुपए पृथक से अदा किए जाने का आदेश पारित किया गया है।

### उल्लास साक्षरता अभियान में करेंगे असाक्षरों का सर्वे

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत संचालित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के असाक्षर वयस्कों की पहचान के लिए घर–घर सर्वेक्षण अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को भी असाक्षर वयस्कों के सर्वेक्षण एवं पोर्टल पर पंजीयन कार्य में शामिल किया जाए, ताकि अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाया जा सके। असाक्षर व्यक्तियों की पहचान के लिए जिलेभर में मुनादी, दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर और घर–घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एनआरएलएम, मनरेगा, एनसीसी, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं अन्य विभागों के सहयोग से अभियान को गति दी जाएगी।

**नाम परिवर्तन हेतु शपथ -पत्र**

मैं उमेश कुमार नेताम पिता स्व. श्री हीरालाल नेताम उम्र 30 वर्ष, निवासी- ओरछा तहसील ओरछा जिला नारायणपुर राज्य छ.ग.494661 का हूं। शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि-
1. यह कि मैं ग्राम- ओरछा तहसील ओरछा जिला नारायणपुर राज्य छ. ग. 494661 का / की निवासी हूं।
2. यह कि इन्द्रा नेताम मेरी बहन है। जो मेरे ही संरक्षण में रहती है।
3. यह कि मेरी बहन का नाम इन्द्रा नेताम है एवं उसके पिता का नाम हीरालाल नेताम है। जो सत्य व सही है एवं जो मेरी बहन के नाम से दिनांक - 24/06/2025 को जारी जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है ।
4. यह कि मेरी बहन के नाम से आधार कार्ड क्रमांक 5714 1791 7679 जारी हुआ है। जिसमें मेरी बहन का नाम इन्द्रा एवं उसके पिता का नाम हीरालाल लिखा गया है। जिसे मैं सुधरवाकर मेरी बहन का नाम इन्द्रा नेताम एवं उसके पिता का नाम हीरालाल नेताम लिखवाना चाहता हूं।
5. यह कि यह शपथ पत्र मेरी बहन के परिचय पत्र आधार कार्ड, अंकसूची एवं सभी शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों अन्य अभिलेखों में मेरी बहन का नाम इन्द्रा नेताम एवं उसके पिता का नाम हीरालाल नेताम अंकित किये जाने बाबत शासकीय गजट में नाम परिवर्तन करने हेतु प्रकाशन किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं उमेश कुमार नेताम पिता स्व. श्री हीरालाल नेताम उम्र 30 वर्ष, निवासी- ओरछा तहसील ओरछा जिला नारायणपुर राज्य छ.ग. 494661 शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र बयान की कुल कंडिका क्रमांक 1 से 5 तक दी गई समस्त जानकारी मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 07/07/2026 को स्थान नारायणपुर में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूं।

शपथकर्ता

**नाम परिवर्तन हेतु शपथ - पत्र**

मैं लिपेन्द्र LIPENDRA पिता श्रीराम SREERAM उम्र- 30वर्ष निवासी- छोटेडोंगर तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर राज्य छ.ग. 494661 का हूं। शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि-
1. यह कि मैं ग्राम छोटेडोंगर तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर छ0ग0 494661 का/की निवासी हूं।
2. यह कि मेरा नाम लिपेन्द्र LIPENDRA है एवं मेरे पिता का नाम श्रीराम SREERAM है । जो सत्य व सही है एवं मेरे नाम से जारी स्कूली प्रमाण पत्रों में अंकित है।
3. यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड क्रमांक- 6150 6093 6747 जारी हुआ है। जिसमें मेरा नाम लिपेन्द्र कुमार बेलसरिया LIPENDRA KUMAR BELSARIYA एवं मेरे पिता का नाम श्री राम SHRI RAM लिखा गया है। जिसे मैं सुधरवाकर अपना नाम लिपेन्द्र LIPENDRA एवं मेरे पिता का नाम श्रीराम SREERAM लिखवाना चाहता हूं ।
4. यह कि यह शपथ पत्र मेरे परिचय पत्र आधार कार्ड ,अंकसूची एवं सभी शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों अन्य अभिलेखों में मेरे नाम लिपेन्द्र LIPENDRA एवं मेरे पिता का नाम श्रीराम SREERAM अंकित किये जाने बाबत शासकीय गजट में नाम परिवर्तन करने हेतु प्रकाशन किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

**सत्यापन**

मैं लिपेन्द्र LIPENDRA पिता श्रीराम SREERAM उम्र- 30वर्ष निवासी- छोटेडोंगर तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर राज्य छ.ग.494661 शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र बयान की कुल कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक दी गई समस्त जानकारी मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 07/07/2026 को स्थान नारायणपुर में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूं।

लिपेन्द्र
शपथकर्ता

# सेवानिवृत्त पर नवल किशोर को दी विदाई



**केशकाल।** जल संसाधन विभाग, केशकाल में नवल किशोर साहू के सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके लंबे एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि श्री साहू ने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनका सरल, सौम्य एवं सहयोगी स्वभाव सभी के लिए प्रेरणादायी रहा। विभाग की ओर से उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय और दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएँ दी गईं।

अपने उद्बोधन में नवल किशोर साहू ने विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवाकाल के दौरान उन्हें सभी का भरपूर सहयोग, स्नेह और सम्मान मिला, जिसे वे सदैव स्मरण रखेंगे।

इस अवसर पर विभाग के एसडीओ नितेश खोबरागड़े, इंजीनियर सरस महादेवकर सहित विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन श्री साहू के उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ किया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
9 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
9 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic — Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
● गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
● एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
● सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
● बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
● आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
● TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### 5700 तसर स्वस्थ डिम्ब समूहों का वितरण

**बीजापुर।** रेशम विभाग द्वारा संचालित कोसा बीज केंद्र, मोदकपाल में पालित प्रजाति के तसर स्वस्थ डिम्ब समूह वितरण योजना के तहत हितग्राहियों को 5700 तसर स्वस्थ डिम्ब समूहों का वितरण किया गया। वितरण की कुल लागत 91,200 रही, जिसमें राज्य शासन द्वारा 79,800 की सब्सिडी प्रदान की गई। इसके परिणामस्वरूप हितग्राहियों से मात्र 11,400 का अंशदान लिया गया। योजना का उद्देश्य तसर पालन को बढ़ावा देकर ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों के हितग्राहियों की आय में वृद्धि करना है। विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए गुणवत्तायुक्त स्वस्थ डिम्ब समूहों से बेहतर उत्पादन की संभावना है, जिससे हितग्राही वैज्ञानिक पद्धति से तसर पालन कर अधिक आर्थिक लाभ अर्जित कर सकेंगे। रेशम विभाग के तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार, वितरित स्वस्थ डिम्ब समूहों के पालन से लगभग दो लाख कोसों का उत्पादन होने की संभावना है। इससे हितग्राहियों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा जिले में तसर उत्पादन को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा। राज्य शासन की अनुदान आधारित योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को कम लागत पर गुणवत्तायुक्त तसर बीज उपलब्ध कराया जा रहा है।

### सभी ब्लॉक में होगा पशु औषधि विक्रय केन्द्र

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन पशुधन विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक ब्लॉक में पशु औषधि विक्रय केन्द्र खोला जाना है। जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री कृषि सेवा केन्द्र एवं सहकारी समितियों के माध्यम से पशुपालकों को सस्ती दरों पर अच्छी गुणवत्ता की पशु औषधियां उपलब्ध कराना है। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला बीजापुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 4 विकासखंडों में पशु औषधि विक्रय केन्द्र का संचालन प्रधानमंत्री कृषि सेवा केन्द्र एवं सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है।

# दंतेवाड़ा में विधि महाविद्यालय संचालित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह ठाकुर ने विधायक चैतराम अटामी को ज्ञापन सौंपकर दंतेवाड़ा जिले में विधि महाविद्यालय (एलएलबी) का संचालन प्रारंभ कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि

■ **विधायक को सौंपा पत्र, मांगों को पूरा करने की गुजारिश**

दंतेवाड़ा जिला बस्तर संभाग में शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां दंतेवाड़ा सहित सुकमा एवं बीजापुर जिले के बड़ी संख्या में विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। इसके बावजूद जिले में विधि शिक्षा की सुविधा उपलब्ध नहीं होना क्षेत्र के युवाओं के लिए चिंता का विषय है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में दंतेवाड़ा में विधि शिक्षा प्रारंभ करने की पहल की गई थी। शिक्षकों की नियुक्ति एवं प्रवेश प्रक्रिया जैसी आवश्यक तैयारियां भी की गई थीं, लेकिन आवश्यक मान्यताओं एवं औपचारिकताओं के अभाव में यह प्रयास आगे नहीं बढ़ सका।

इसके बाद से आज तक जिले में विधि महाविद्यालय के संचालन को लेकर कोई ठोस पहल दिखाई नहीं दी है, जिससे कानून की पढ़ाई करने के इच्छुक विद्यार्थियों को अन्य जिलों एवं बड़े शहरों का रुख करना पड़ रहा है। राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि दंतेवाड़ा को शैक्षणिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां दक्षिण बस्तर के दूरस्थ अंचलों से



विद्यार्थी बेहतर शिक्षा की उम्मीद लेकर आते हैं। सुकमा एवं बीजापुर जैसे जिलों के अनेक छात्र-छात्राएं भी दंतेवाड़ा में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी करते हैं। ऐसे में विधि महाविद्यालय का अभाव हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों के लिए बाहर जाकर कानून की पढ़ाई करना आसान नहीं होता, जिसके कारण अनेक प्रतिभाशाली युवा अपनी इच्छा के बावजूद विधि शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित मानकों एवं आवश्यक अधोसंरचना की पूर्ति सुनिश्चित की जाए तो दंतेवाड़ा में विधि महाविद्यालय का संचालन संभव है। इससे न केवल स्थानीय विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा, बल्कि पूरे दक्षिण बस्तर क्षेत्र में विधिक शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए नए अवसर भी सृजित होंगे। दंतेवाड़ा जैसे महत्वपूर्ण जिले में विधि शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराना समय की मांग है, किंतु प्रशासनिक स्तर पर अपेक्षित गंभीरता एवं जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयासों के अभाव में यह विषय लंबे समय से उपेक्षित बना हुआ है। क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों की ओर से लगातार इस मांग को उठाया जाता रहा है, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है।

राजेंद्र सिंह ठाकुर ने विधायक चैतराम अटामी से आग्रह किया कि वे इस महत्वपूर्ण छात्रहितैषी विषय को राज्य शासन एवं संबंधित विभागों के समक्ष प्रमुखता से उठाएं तथा दंतेवाड़ा में विधि महाविद्यालय के संचालन हेतु आवश्यक पहल करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस दिशा में सकारात्मक प्रयास होने पर दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर सहित पूरे दक्षिण बस्तर के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा और क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए आयाम स्थापित होंगे।

**छात्रों से किया सीधा संवाद**

## युवाओं के भविष्य को लेकर दिखाई गंभीरता

# रात 8 बजे कोचिंग सेंटर पहुंचे जिला पंचायत सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

प्रशासनिक अधिकारी यदि कार्यालय तक सीमित न रहकर जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की पड़ताल करें, तो उसका सकारात्मक असर सीधे आमजन पर दिखाई देता है। ऐसा ही कुछ इन दिनों जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है जिसकी चर्चा अब आमजनों में होने लगी है।

■ **सक्षम कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी और जिम का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

सुकमा में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर ने इसी कार्यशैली की मिसाल पेश करते हुए सोमवार रात करीब 8 बजे सक्षम कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी और जिम का औचक निरीक्षण किया। देर शाम स्वयं पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेने की उनकी पहल की छात्र-छात्राओं और स्थानीय लोगों ने सराहना की।निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपलब्ध पुस्तकों की जानकारी ली। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर माहौल और आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों।



### जिम का किया निरीक्षण

सीईओ ने जिम का भी निरीक्षण कर वहां उपलब्ध खेल एवं व्यायाम संसाधनों की स्थिति देखी तथा आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उनका उद्देश्य केवल व्यवस्थाओं की समीक्षा करना नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक संसाधनों को मजबूत करना भी रहा।

### प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएं होगी उपलब्ध

निरीक्षण के दौरान सीईओ मुकुंद ठाकुर ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से आत्मीय संवाद किया तथा उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी और जिम में जिन मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यक सामग्रियों की जरूरत है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा।

### अन्य के लिए प्रेरणादायक बने सीईओ

सीईओ मुकुंद ठाकुर की कार्यशैली यह संदेश देती है कि प्रशासनिक जिम्मेदारी केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि उनकी जमीनी हकीकत को समझना और समय-समय पर स्वयं निरीक्षण करना भी उतना ही आवश्यक है। सुकमा जैसे दूरस्थ जिले में देर शाम युवाओं के बीच पहुंचकर उनकी आवश्यकताओं को समझने की यह पहल निश्चित रूप से प्रेरणादायी है और इससे विद्यार्थियों का प्रशासन पर विश्वास भी मजबूत हुआ है।

# आम आदमी पार्टी ने जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

आम आदमी पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने कहा कि पार्टी 2028 के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है। किसान, कर्मचारी, युवा, महिलाएं एवं आम नागरिक विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी प्रदेश के प्रत्येक वर्ग की आवाज बनकर जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रहेगी।

प्रदेश संगठन मंत्री समीर खान ने बस्तर अंचल के पर्यावरण और कृषि से जुड़े गंभीर मुद्दे को उठाते हुए कहा कि बैलाडीला क्षेत्र की लौह अयस्क खदानों से निकलने वाली मिट्टी को सुकमा जिले में लाकर डंप किया जा रहा है, जिससे कृषि भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच कराकर इस कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाने तथा किसानों के हितों की रक्षा करने की मांग की।

जिला अध्यक्ष सुरेश कवासी ने कहा कि सुकमा जिले में अनेक जनसमस्याओं की ओर शासन-प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। विशेष रूप से किसानों के रकबे में की जा रही कटौती से किसान अत्यधिक परेशान हैं और उन्हें बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने मांग की कि किसानों के भूमि रिकॉर्ड में हो रही त्रुटियों का शीघ्र निराकरण किया जाए तथा सभी लंबित राजस्व मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि किसानों, कर्मचारियों और आम जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो पार्टी प्रदेशभर में जनआंदोलन चलाकर जनता की आवाज बुलंद करेगी।

# शिक्षा व्यवस्था पर डीईओ की सख्ती औचक निरीक्षण में दिए सुधार के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिला शिक्षा अधिकारी राजेश पांडे ने संकुल केंद्र दुगोली एवं नैमेड़ की विभिन्न शालाओं का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों और स्कूली व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों की वीएसके ऐप में उपस्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति, गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों के वितरण, मध्यान्ह भोजन, कक्षाओं तथा शौचालयों की साफ-सफाई का जायजा लिया।

प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला दुगोली में डीईओ ने सभी कक्षाओं में बारहखड़ी और पहाड़ा चार्ट अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। वहीं कन्या पोर्टा केबिन नैमेड़ एवं हाई स्कूल पोर्टा केबिन नैमेड़ का निरीक्षण कर छात्रावास की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने तथा सभी बच्चों के लिए मच्छरदानी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों संस्थाओं में वीएसके ऐप के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति का अवलोकन किया तथा समय-विभाग चक्र के अनुरूप नियमित अध्यापन और शिक्षक डायरी संधारित करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी तीन दिनों के भीतर विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित शिक्षकों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। जिला शिक्षा अधिकारी ने विभागीय निर्देशों का कड़ाई से पालन करने पर जोर देते हुए प्रतिदिन राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, सरस्वती वंदना, भोजन मंत्र, दीप मंत्र, गुरु मंत्र, गायत्री मंत्र, शांति मंत्र के सामूहिक गायन तथा महापुरुषों की जीवनी के नियमित वाचन कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में स्वच्छ, अनुशासित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना सभी शिक्षकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



# सरस्वती शिशु मंदिर गीदम में कन्या भारती- शिशु भारती का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली एवं सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर की योजना के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में कन्या भारती एवं शिशु भारती का गठन एवं शपथ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भैया-बहनों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। मनोनयन पद्धति से विभिन्न कक्षाओं के लिए दायित्व सौंपे गए। कक्षा में कक्षा नायक, उप कक्षा नायक, अनुशासन प्रमुख आदि पदों पर भैया-बहनों को नियुक्त किया गया, जिससे वे अपनी कक्षा और विद्यालय को सुव्यवस्थित रूप से संचालित कर सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती, ओम और मां सरस्वती की पूजा-अर्चना, वंदना एवं रामायण पाठ के साथ हुआ। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती भवानी पुनेम ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का किया निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर विकासखंड के संकुल करमरी अंतर्गत संचालित 5 प्राथमिक, 1 मिडिल एवं 1 हायर सेकेंडरी स्कूल का खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीईओ ने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की और शिक्षकों की उपस्थिति, छात्र उपस्थिति पंजी, पाठ्यक्रम की प्रगति एवं शैक्षणिक गुणवत्ता का अवलोकन किया।

साथ ही विद्यालयों में उपलब्ध भौतिक संसाधन, पेयजल, शौचालय एवं परिसर की साफ-सफाई की स्थिति भी देखी। बीईओ ने सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, मेन्यू के अनुसार सामग्री, रसोइयों की साफ-सफाई और बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन को परखा। बच्चों से भोजन के स्वाद और मात्रा के बारे में भी जानकारी ली। बीईओ भारती देवांगन ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से समय पर स्कूल पहुंचें और बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत छात्र उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्कूल प्रबंधन समिति को निर्देश दिए कि परिसर में साफ-सफाई, अनुशासन और पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाए रखी जाए। मध्यान्ह भोजन में पोषण युक्त और मेन्यू अनुसार भोजन परोसने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान संकुल समन्वयक, प्रधानपाठक एवं संकुल प्राचार्य सुनीता सिंह सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## मनोनयन...



**जगदलपुर।** लगातार 3 बार बस्तर जिला सहकारी संघ मर्यादित के अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद एक बार पुनः प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त होने उपरांत वेदांत दीक्षित ने मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद लेने के बाद किया पदभार ग्रहण। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा एवं सहकारिता से जुड़े पदाधिकारी एवं शुभचिंतक मौजूद थे।


## पूरे जीवन को बस्तर के नाम कर देने वाली सेवा की मिसाल

# आदिवासी समाज के उत्थान के लिए समर्पित गोडबोले दंपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

डॉ. रामचंद्र गोडबोले और उनकी धर्मपत्नी सुनीता गोडबोले ने पिछले 36 वर्षों से बस्तर की धरती पर निस्वार्थ भाव से जनसेवा का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसने न केवल उनका जीवन बदल दिया, बल्कि बस्तर के हजारों आदिवासी परिवारों के जीवन में भी नई उम्मीद की किरण जगाई। आज जब देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्मश्री से उन्हें सम्मानित किया गया है, तब यह सम्मान केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि बस्तर की 36 वर्षों की समर्पित जनसेवा का राष्ट्रीय सम्मान बन गया है।

महाराष्ट्र के सातारा जिले के मूल निवासी डॉ. रामचंद्र गोडबोले आयुर्वेद चिकित्सक हैं, जबकि उनकी पत्नी सुनीता गोडबोले ने समाज कार्य (एमएसडब्ल्यू) की शिक्षा प्राप्त की है। वर्ष 1990 में विवाह के बाद दोनों ने अपना जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के संगठन मंत्री ने उन्हें सेवा कार्य के लिए मेघालय और बस्तर,





दोनों क्षेत्रों का विकल्प दिया। गोडबोले दंपत्ति ने बिना किसी हिचकिचाहट के बस्तर को चुना और यहीं से शुरू हुई उनकी जीवनभर की सेवा यात्रा। डॉ. गोडबोले बताते हैं कि जब वे पहली बार बस्तर पहुंचे, तब यह क्षेत्र उनके लिए पूरी तरह नया था। यहां की बोली, संस्कृति, रहन-सहन और जीवनशैली सब कुछ अलग था। शुरुआती दिनों में लोगों का विश्वास जीतना सबसे बड़ी चुनौती थी। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। गांव-गांव जाकर लोगों के बीच रहे, उनकी भाषा को समझा, उनकी पीड़ा को महसूस किया और धीरे-धीरे विश्वास का ऐसा रिश्ता बना कि लोग उन्हें अपना मानने लगे। समय के साथ मरीजों की संख्या बढ़ती गई और उनका छोटा-सा उपचार केंद्र जनविश्वास का प्रतीक बन गया। डॉ. रामचंद्र गोडबोले ने दूरस्थ वनांचलों में हजारों गरीब और जरूरतमंद आदिवासियों का निःशुल्क उपचार किया। जहां स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं थीं, वहां उन्होंने चिकित्सा शिविरों के माध्यम से लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाईं। गंभीर मरीजों को बड़े अस्पतालों तक पहुंचाकर उनका उपचार सुनिश्चित कराया। उनकी चिकित्सा सेवा केवल इलाज तक सीमित नहीं रही, बल्कि जनजातीय समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने का एक व्यापक अभियान बन गई। दूसरी ओर, सुनीता गोडबोले ने गोंडी और हल्बी जैसी स्थानीय बोलियां सीखकर आदिवासी महिलाओं और बच्चों के बीच सहज संवाद स्थापित किया। उन्होंने कुपोषण उन्मूलन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, बाल शिक्षा, सिकल सेल एनीमिया जागरूकता, बाल अधिकार संरक्षण और बालिकाओं के सशक्तिकरण जैसे विषयों पर निरंतर कार्य किया। उनके प्रयासों से अनेक गांवों के बच्चों को गंभीर कुपोषण से बाहर निकालने में सफलता मिली और हजारों बच्चों तक स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता पहुंची।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों पद्मश्री सम्मान प्राप्त

आज गोडबोले दंपत्ति 'बनफूल' के माध्यम से जनजातीय बच्चों के स्वास्थ्य और समग्र विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। उनका मानना है कि सेवा केवल उपचार देने का नाम नहीं, बल्कि समाज के साथ आत्मीय संबंध बनाकर उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम है। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों पद्मश्री सम्मान प्राप्त करना उनके तीन दशक से अधिक समय तक किए गए निस्वार्थ सेवा कार्य की राष्ट्रीय स्वीकृति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उनके योगदान की सराहना करते हुए इसे समाज सेवा की प्रेरणादायी मिसाल बताया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गोडबोले दंपत्ति के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों का एरियर सरकार तुरंत भुगतान करें : ताटी



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने हाल में पेंशनरों के एरियर भुगतान मामले में सुनवाई करते राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत दलीलों को खारिज करते पेंशनरों का लंबित 59 माह के एरियर का भुगतान करने का आदेश दिया है । भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने पेंशनरों के हक में दिए फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने न्यायालयीन आदेश के परिपालन में एरियर का भुगतान अविलंब करने की मांग सरकार से की है । उन्होंने बयान में बताया कि न्यायालय ने फैसले में यह स्पष्ट कर दिया है कि दोनों राज्यों के बीच समय पर आपसी सहमति नहीं बन पाना पेंशनरों के एरियर राशि को रोकने का आधार नहीं बन सकता । क्योंकि धारा 49 (6) में कहीं भी यह उल्लेख नहीं है कि पेंशनरों के एरियर राशि भुगतान से पहले छत्तीसगढ़ और मप्र सरकार दोनों की आपसी सहमति जरूरी है। ताटी ने सरकार से जनवरी 2026 से देय 2 प्रतिशत महंगाई राहत का आदेश भी शीघ्र जारी करने की मांग की है। राशि की मांग करने वालों में किशोर कुमार जाधव, अब्दुल सत्तार खान, शिव कुमार मिश्रा, रमापति दुबे, रैमन दास झाड़ी, मो अय्यूब खान, रूप कुमार झाड़ी ,मो कासिम, कासिमुद्दीन खान, सुरेश कुमार घाटौड़े, ओ पी भट्ट, शिव सिंह भदौरिया, हेमंत टांकसाले, शंभू नाथ देहरी, सदाराम ठाकुर, करम जीत कौर ,डॉ सुषमा झा, जयमनी ठाकुर, सविता नायर, रेखा सेन, सुकरी बघेल, ऊषा चिखलीकर, सरोज साहू, जया इशाक एवं शुभ्रा कुंडू शामिल है।

### जलाशयों के पानी सहेजने की तैयारी

**जगदलपुर।** जिले में मानसून की दस्तक और अच्छी बारिश के बीच, भविष्य में पानी की संभावित किल्लत से निपटने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज की गई हैं। कलेक्टर आकाश छिकारा ने जल प्रबंधन को लेकर निर्देश जारी किए हैं। वर्तमान मौसम पूवार्नुमानों के अनुसार, इस साल मानसून के दौरान कुछ क्षेत्रों में लंबे समय तक सूखा दौर यानी ड्राई स्पेल देखने को मिल सकता है, साथ ही सीजन की कुल बारिश भी सामान्य से लगभग 10 प्रतिशत कम रहने की आशंका जताई गई है। इसी गंभीर स्थिति को भांपते हुए प्रशासन ने समय रहते पानी को सहेजने के लिए धरातल पर रणनीति तैयार की है।

कलेक्टर के निदेर्शों के तहत सभी छोटे-बड़े बांधों, जलाशयों और तालाबों में अधिकतम पानी का भंडारण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए सभी जल निकायों के गेट तब तक पूरी तरह बंद रखे जाएंगे, जब तक कि बाढ़ का कोई स्पष्ट पूवार्नुमान या बांध की तकनीकी सुरक्षा से जुड़ा कोई अनिवार्य कारण सामने न आए। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देशित किया है कि वे जमीनी स्तर पर यह सुनिश्चित करें कि सभी जल निकायों में पर्याप्त जल संचय हो।

### 700 पीलिया के मरीज नहीं मिल रही दवाई

**जगदलपुर।** वरिष्ठ कांग्रेसी सूर्या राव ने बताया कि बस्तर जिले के शहरी-ग्रामीण इलाकों में इन दिनों 700 से अधिक मरीज पीलिया के मिल रहे हैं। शहर के महारानी



अस्पताल से लेकर डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज इसकी दवाईयां नहीं मिलने के चलते मरीज सहित परिजन परेशान हैं, लोग देसी इलाज, झाड़-फूंक पर भरोसा कर रहे हैं। अभी तक प्रभावित इलाकों को चिन्हांकित करने की शुरूआत भी नहीं हुई है और न ही पानी के सैंपल की जांच की जा रही है। श्री राव ने कहा कि भाजपा सरकार में सरकारी अस्पताल में पीलिया की दवाईयां नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही अस्पतालों में पीलिया की दवाई उपलब्ध नहीं होने से स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ सड़क में उतरेंगे।

# नकली खाद-बीज की बिक्री के खिलाफ फूटा किसानों का गुस्सा, कलेक्टर दफ्तर में प्रदर्शन

## नकली खाद को घास पर फेंककर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

खरीफ कृषि सीजन के दौरान किसानों को कथित रूप से नकली एवं मिलावटी खाद एवं बीज बेचे जाने के विरोध में इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति, जिला बस्तर के नेतृत्व में सोमवार को बड़ी संख्या में किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। किसानों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर पूरे जिले में नकली खाद और बीज की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा किसानों को न्याय दिलाने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने अपने साथ लाए गए कथित नकली डीएपी खाद का कांच के गिलास में परीक्षण कर प्रशासन के समक्ष यह दिखाने का प्रयास किया कि खाद की गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत हो रही है। इसके बाद किसानों ने विरोध स्वरूप उक्त खाद को कलेक्टर परिसर की घास पर डाल दिया। यह पूरा घटनाक्रम संयुक्त कलेक्टर ए. आर. राणा, कृषि विभाग के अधिकारियों तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान बबलू बघेल, जददु राम कश्यप, लक्ष्मण बघेल, मंधर कश्यप, भुवनेश्वर कश्यप, घनश्याम मौर्य, एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

### मेहनत की गाढ़ी कमाई डूबी

समिति के संभागीय अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने कहा कि बस्तर का किसान आज दोहरी मार झेल रहा है। एक ओर खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, दूसरी ओर किसानों को ऊंचे दामों पर कथित रूप से नकली एवं मिलावटी खाद बेची जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी मेहनत की कमाई से दो से तीन हजार रुपये खर्च कर डीएपी एवं अन्य उर्वरक खरीदते हैं, लेकिन यदि वही खाद नकली निकलती है तो किसान आर्थिक रूप से पूरी तरह टूट जाता है। उन्होंने कहा कि यह केवल किसानों के साथ धोखाधड़ी नहीं बल्कि कृषि व्यवस्था के साथ भी गंभीर खिलवाड़ है।



### दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई

जिला अध्यक्ष पूरन सिंह कश्यप ने कहा कि समिति को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कई दुकानों में संदिग्ध गुणवत्ता वाली खाद और बीज बेचे जा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पूरे जिले में व्यापक जांच अभियान चलाया जाए और किसी भी दोषी को बख्शा न जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना शासन और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा इस मामले में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## सूनसान इलाकों में चेहरे पर नकाब लगाकर महिलाओं को बनाता था निशाना

# 9 दिनों में 9 झपटमारी करने वाला शातिर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- दोस्तों के साथ घुमने जाने के लिए कर रहा था रुपए एकत्रित, दो लाख के जेवरात व नगद बरामद

दोस्तों के साथ घुमने जाने रूपए एकत्रित करने के लिए मारडूम से आकर शहर के कोतवाली व बोधघाट थाना क्षेत्र में बीते नौ दिन में अलग अलग स्थानों में झपटमारी की नौ घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर को आखिरकार पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही। आरोपी सुनसार इलाकों में महिलाओं व युवतियों को निशाना बनाता था उसके कब्जे से दो लाख रूपए से अधिक के जेवरात के अलावा नगद व अन्य सामान बरामद किया गया है।

लगातार हो रही झपटमारी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ सिन्हा के निर्देश व सीएसपी सुमित कुमार धोत्रे के पर्यवेक्षण में नगर निरीक्षक लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। आरोपी बीते 28 जून से घटना को अजांम दे रहा था जैसे ही 6 जुलाई को उसने आखरी घटना को अंजाम दिया तभी उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया।

सीएसपी सुमीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली थाना में प्रार्थिया रश्मि केशरवानी निवासी साकेत कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 28 जून को वह अपनी बेटी के साथ दंतेश्वरी मंदिर दर्शन करने गई थी कि तभी सिरहासार चौक के पास पीछे एक मोटरसाइकिल में नकाब लगाए हुए अज्ञात व्यक्ति ने इसके पर्श को झपटमारी कर भाग गया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 304.2 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। इसी दौरान 2 जुलाई को उसी तरह के नाकपोश व्यक्ति द्वारा उसी पैटर्न में घर संसार लालबाग के पास भी झपटमारी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। वहीं 5 जुलाई को धरमपुरा कालीपुर अटल आवास के पास पुनः उसी पैटर्न में नकाबपोश व्यक्ति द्वारा मोटरसाइकिल में एक महिला का पर्श को झपटमारी करने की रिपोर्ट समेत पांच मामला दर्ज कराया गया।



### पूरे शहर में रखी जा रही थी नजर

आरोपी को पकड़ने के लिए पूरे शहर में पेट्रोलिंग के अलावा सीसीटीवी से नजर रखी जा रही थी इसी दौरान 6 जुलाई की दोपहर नकाबपोश व्यक्ति को दलपत सागर तरफ से पावर हाउस चौक की ओर आने का पता टीम को लगा। जिसके बाद कोतवाली व साइबर टीम के साथ बाइक में आ रहे नकाबपोश व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने व उसके पिट्ठु बैग की तलाशी लेने पर पैसे तथा अन्य के नाम से मिले एटीएम के आधार पर संदेही व्यक्ति को बारीकी से पूछताछ किया गया तब उसने कोतवाली थाना क्षेत्र में 5 तथा बोधघाट थाना क्षेत्र में 4 कुल 9 जगहों पर झपटमारी की घटना को अजांम देना स्वीकार किया। आरोपी राजमन यादव 19 साल निवासी ग्राम कुथर थाना मारडूम ने बताया कि वह दोस्तों के साथ घुमने जाने के लिए रूपए एकत्रित करने घटना को अंजाम दे रहा था।

### इनकी रही अहम भूमिका

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8 बैग तथा 3 मोबाइल तथा लगभग 2 लाख के सोना चांदी, एटीम काड्र्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड, सील, ड्राइविंग लाइसेंस तथा 8 सौ रूपए नकद बरामद किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई प्रमोद ठाकुर, अरुण मरकाम, पीएसआई भूपेंद्र पैकरा, रानी सोनी, अफसाना, एएसआई बिजेंदर सिंग, परिमल दास, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने, राजेश राजपूत, राजू टोप्पो, आरक्षक सोनू गौतम, प्रदीप, हेमचंद, महेंद्र पटेल, मंहगू कश्यप, धर्मेंद्र सिंग, कृष्णा नेताम, रंगलाल खरे, अमर सिंह बेसरा, धनेश्वर यादव, तरुण कुमार यादव व महिला आरक्षक रीना अनंत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने नए उपकेंद्र का ईडी ने किया चार्ज



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- उपकेंद्र से ओवरलोड, लो-वोल्टेज, बिजली बाधित होने की समस्या से मिलेगी राहत : ईडी
- 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगी अबाधित बिजली

विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने के लिए शहर के कुम्हारपारा में मंगलवार को ईडी ने नए उपकेंद्र का चार्ज किया। नए उपकेंद्र से ओवरलोड, लो वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होने की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। उक्त बातें विद्युत कंपनी प्रोजेक्ट की ओर से शहर के कुम्हारपारा में मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना से 33, 11, 3.15 एमवीए उपकेन्द्र का चार्ज के दौरान कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक (ईडी) टीके मेश्राम ने कही। उन्होंने कहा कि इस उपकेंद्र से ओवरलोड, लो-वोल्टेज, बिजली बाधित होने की समस्या से राहत मिलेगी। चार्ज के दौरान ईडी के साथ अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू, एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता सलीम खान, एनआर भगत, अमर भगत, नंद कुमार मांझी, सहायक अभियंता नंदलाल काशी, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी आदि शामिल रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संभागीय मुख्यालय विद्युत कंपनी के जगदलपुर जोन में 25 हजार उपभोक्ता शामिल हैं। उपकेन्द्र से क्षेत्र में बार-बार बिजली बंद होने, फाल्ट, ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। साथ ही उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति शुरू होगी, इससे शहर के 10 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

### उपभोक्ताओं की शिकायत पर ध्यान दें

अधीक्षण अभियंता मैथ्यू ने बताया कि शहर के कार्यपालन अभियंता, सहायक, कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं की शिकायत पर ध्यान दें। बिजली बंद होने पर स्थल में पहुंचकर बहाल करें।

## बिना काम कराए सरकारी खजाने से निकाल लिए पैसे, ईओडब्ल्यू पहुंचे नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



- तारागांव में हुए कार्यों की दुबारा जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक करे प्रशासन

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य संयोजक एवं संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद के नेतृत्व में ग्राम पंचायत तारागांव, जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा में 2021-22 के अंतर्गत आदर्श ग्राम योजना सहित विभिन्न विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत की गई थी। जिसमें फर्जी माप पुस्तिका, बिना कार्य कराए शासकीय राशि के आहरण तथा नियमों के विपरीत भुगतान किए जाने के संबंध में शिकायत थी। कलेक्टर, आयुक्त, जिला पंचायत सीईओ, आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो तथा लोकायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि विकास कार्यों में बरती गई कथित अनियमितताओं से शासन को आर्थिक क्षति पहुंची है तथा ग्रामीणों के विकास के अधिकार प्रभावित हुए हैं। संगठन ने मांग की है कि सभी निर्माण कार्यों का पुनः मापन, गुणवत्ता परीक्षण एवं तकनीकी जांच कराई जाए तथा जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों पर कार्रवाई की जाए।

### पहले भी शिकायत पर नहीं हुई कार्यवाही

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने यह भी आरोप लगाया कि इस मामले में पूर्व में भी कई बार संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायतें एवं ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। लेकिन आज तक किसी भी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। लगातार शिकायतों की अनदेखी से ग्रामीणों में आक्रोश है और इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### दोषियों को बचाने का प्रयास हो रहा

नवनीत ने कहा हमारा संघर्ष पूरी तरह संविधान, कानून और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप है। हमने प्रशासन को पर्याप्त समय दिया, बार-बार शिकायतें कीं और संबंधित अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यदि इस बार भी दोषियों को बचाने का प्रयास किया गया या शिकायत को दबाने की कोशिश की गई, तो आंदोलन किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान कमल बघेल, संतु कश्यप, सूरज कश्यप, शिव कश्यप, पाकलू कश्यप, कुंवर मांडवी, सुकलु मांडवी, अनिल मांडवी, गोपी मंगल, सोमारू जटेल, बघेल सहित ग्रामीण एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## छह राज्यों की सीमाओं पर परिवहन विभाग का पहरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- अवैध संचालन और परमिट उल्लंघन पर होगी कार्रवाई



परिवहन विभाग ने उड़नदस्ता एवं बेरियर की टीम ने सघन चेकिंग अभियान शुरू कर सीमावर्ती राज्यों से आने वाले वाहन नियमों का उल्लंघन करते मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि अवैध संचालन, कर चोरी और परमिट नियमों के उल्लंघन के मामलों में भारी जुर्माना वसूला जाएगा। मुख्य रूप से सीमावर्ती राज्यों (आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश) से आने वाले यात्री वाहन, माल वाहक और निजी वाहन शामिल होंगे। जांच के दौरान बिना तिरपाल के खनिज परिवहन करने पर वाहनों से राजस्व वसूला किया जाएगा। साथ ही वाहनों से फिटनेस, प्रेशर हार्न, प्रदूषण प्रमाण नहीं मिलने पर समझौता शुल्क वसूल किया जाएगा।

### वाहन चेकिंग अभियान तेज करें

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि उड़नदस्ता एवं बेरियर टीम को निर्देष दिए कि वाहनों के विरूद्ध अभियान जारी करें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

## 7 करोड़ 25 लाख से अधिक मछली बीज तैयार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- मत्स्य पालन गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा विभाग

जिले में मत्स्यपालन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा मत्स्यपालकों एवं किसानों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में मत्स्य विभाग द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। जिले में अब तक 7 करोड़ 25 लाख से अधिक मत्स्य बीज का उत्पादन किया जा चुका है, जिससे निर्धारित लक्ष्य पूर्ण होने के करीब पहुंच गया है। उपसंचालक मत्स्यपालन मोहन राणा ने बताया कि जिले में इस वर्ष 9 करोड़ 50 लाख मत्स्य बीज उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 7 करोड़ 25 लाख मत्स्य बीज का उत्पादन किया जा चुका है। जिले के मत्स्यपालकों एवं किसानों को मत्स्य बीज उत्पादन केन्द्र बालेंगा तथा मछली बीज प्रक्षेत्र मोती तालाब पारा जगदलपुर से स्पान एवं अंगुलिका का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मानसून सीजन प्रारंभ होने के साथ ही मत्स्यपालकों एवं किसानों को मछली बीज वितरण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। ऐसे मौसमी तालाब, जिनमें 7 से 8 माह तक पानी उपलब्ध रहता है, उनमें मछली बीज स्पान संवर्धन योजना के तहत फ्राई एवं अंगुलिका तैयार कर अन्य किसानों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 13 मत्स्यपालकों को 3 करोड़ 25 लाख मत्स्य बीज वितरित किया जा चुका है, जो आगामी दिनों में स्पान से फ्राई एवं अंगुलिका तैयार कर अन्य मत्स्यपालकों एवं किसानों को मत्स्य बीज उपलब्ध करवाएंगे।



### प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली सोमारी बाई की जिंदगी

**जगदलपुर।** जिले के विकासखंड तोकापाल के ग्राम पंचायत सिंगनपुर की रहने वाली 52 वर्षीय सोमारी बाई के लिए यह सपना प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से साकार हुआ है। कभी कच्ची झोपड़ी में कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताने वाला उनका परिवार आज एक सुरक्षित और सुविधायुक्त पक्के घर में सम्मान के साथ रह रहा है। अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंध रखने वाली सोमारी बाई का पांच सदस्यीय परिवार वर्षों तक कच्चे मकान में रहने को मजबूर था। बरसात में टपकती छत, गर्मी और सर्दी की मार के साथ हर वर्ष मकान की मरम्मत का अतिरिक्त खर्च उनके लिए बड़ी परेशानी थी।

## शपथ के साथ नई जिम्मेदारी का आगाज, महापौर ने किया स्वागत

# नव-नामांकित पार्षदों का शपथ ग्रहण, शहर विकास का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

कलेक्टर परिसर स्थित आस्था हॉल में सोमवार को नगर पालिक निगम के नव-नामांकित पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। अपर कलेक्टर चंद्रिका प्रसाद बघेल ने नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा की उपस्थिति में नव-नामांकित पार्षद अतुल कौशल, लक्ष्मी कश्यप, आशुतोष पाल, संतोष त्रिपाठी, यशवर्धन राव, राजेश श्रीवास्तव एवं रोहित त्रिवेदी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में जनप्रतिनिधियों, शासकीय कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

शपथ ग्रहण के उपरांत सभी नव-नामांकित पार्षद नगर निगम कार्यालय पहुंचे, जहां महापौर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात महापौर कार्यालय में नगर निगम के विकास कार्यों, जनहित योजनाओं तथा शहर के समग्र विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सभी नामांकित पार्षदों ने शहर के विकास में सक्रिय एवं समर्पित भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया।



### शहर विकास को मिलेगी नई गति

संजय पाण्डे ने कहा कि नगर निगम को अनुभवी एवं ऊर्जावान जनप्रतिनिधियों का साथ मिलने से शहर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी नव-नामांकित पार्षद शहर के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करेंगे। महापौर ने सभी पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव और सक्रिय सहभागिता से जगदलपुर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, डॉ. सुभाऊ कश्यप, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष आर्येन्द्र सिंह आर्य, श्रीमती सफिरा साहू, पार्षद नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, हरीश पारेख, श्रीमती उमा मिश्रा, आशा साहू, सुश्री गायत्री बघेल, जिला मंत्री किरण सेन, पश्चिम नगर मंडल प्रकाश झा, पूर्वी नगर मंडल उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, पश्चिमी नगर मंडल उपाध्यक्ष शशिनाथ पाठक, पश्चिम मंडल नगर मंत्री सूर्य भूषण सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शासकीय कर्मचारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411